**O.S.D.A.V.Public School, Kaithal**

ber **Exam(2024-25)**

**Subject:** Hindi

**Class:** IV

**Time:- hrs.** **M.M.:60**

**Name _______________Sec.________Roll No. _______**

**निर्देश:-1.**सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

2.लेख साफ़ व सुंदर लिखे। (पठन- पाठन ) **5+3 = 8**

| प्रश्न 1 | नीचे दिए गए गद्यांश को पढकर प्रश्नों के उत्तर दीजिए: :- | Marks |
|---|---|---|
| | एक बार की बात है, एक किसान ने अपने पड़ोसी से झगड़ा कर लिया और उसे बहुत भला-बुरा कह दिया। बाद में किसान को अपनी गलती का एहसास हुआ और वह अपनी समस्या लेकर एक महात्मा के पास गया। उसने महात्मा से पूछा कि वह अपने मुँह से निकले हुए गलत शब्द वापस कैसे ले सकता है। महात्मा ने किसान से कहा ,"जंगल में जाकर बहुत सारे पक्षियों के पंख लेकर आओ । उन्हें शहर के बीच मे रख दो । किसान ने ऐसा किया और फिर वापस महात्मा के पास गया। तब महात्मा ने कहा, "अब दोबारा जाओ और उन पंखो को इकट्ठा करके मेरे पास ले आओ जिन्हे तुम शहर के बीच में रख आये थे।" किसान वापस गया, लेकिन तब तक सारे पंख हवा से उड़ चुके थे।वह खाली हाथ महात्मा के पास लौटा। महात्मा ने कहा, "ठीक ऐसा ही हमारे द्वारा कहे गए शब्दों के साथ भी होता है। तुम आसानी से उन्हें अपने मुँह से निकाल तो सकते हो, लेकिन उन्हें चाहकर भी वापस नहीं ले सकते।" | 4 |
| | i)किसान अपनी समस्या लेकर किसके पास गया?<br>i) दोस्त के पास ii) महात्मा के पास✓ iii) राजा के पास ख)<br>ii) महात्मा ने किसान को पंख लेने कहाँ भेजा ?<br>i) जंगल में ✓ ii) शहर में iii )गाँव में<br>ग) किसान दोबारा पंख लेने गया तब क्या हुआ था ?<br>i) सारे पंख हवा में उड़ गए थे । ✓ ii) लोगों ने सारे पंख उठा लिए थे।<br>iii) किसान पंख ढूंढने गलत जगह पर चला गया था । | 1<br>1 |
| | घ )निम्न प्रश्नों का उत्तर हां या नहीं में दो :-<br>i ) किसान को अपनी गलती का एहसास हुआ। ( हां )<br>ii) हम अपने मुँह से निकाले गए शब्दों को वापस ले सकते हैं। ( नहीं ) | 1<br>1 |

| | | |
|---|---|---|
| प्रश्न2 | नीचे लिखी कहानी को ध्यान से पढ़कर नीचे दी गई पंक्तियों का सही क्रम ( नंबर )लिखे।<br>बंदर और खरगोश एक जंगल में रहते थे। वे बहुत अच्छे दोस्त थे । दोनो साथ-साथ खेलते रहते थे। एक दिन उन दोनों ने नदी के पास जाकर खेलने की योजना बनाई। वे दोनों नदी के किनारे पहुँचे और मज़े करने लगे।खेलते खेलते बंदर एक पेड़ पर चढ़ गया । खरगोश नदी के किनारे बैठ गया। बंदर ने खरगोश को ऊपर से देखा और बोला, "तुम क्यों नहीं नहा रहे हो ? नदी में तैरना तो बहुत मज़ेदार होता है।" खरगोश ने मुँह बनाते हुए कहा, "मैं तैरना नहीं जानता। मुझे पानी में जाना पसंद नहीं है।" बंदर ने खरगोश को नदी में तैरने के लिए कहा । खरगोश बहुत डर रहा था । बंदर ने खरगोश को शांत करते हुए कहा, "जब तुम कोई नया काम सीखने के लिए तैयार हो, थोड़ा सोचो और आगे बढ़ो। घबराओ मत।" खरगोश ने बंदर की बात मान ली।खरगोश ने नदी में तैरना सीख लिया और वह बंदर के साथ बहुत मज़े करने लगा। वे दोनों बहुत खुश थे । बंदर की प्रेरणा से खरगोश एक नया काम सीख गया था । उसने बंदर को धन्यवाद किया।<br>i) खेलते खेलते बंदर एक पेड़ पर चढ़ गया। ( 2 )<br>ii) खरगोश बहुत डर रहा था। ( 4 )<br>iii) उसने बंदर को धन्यवाद किया । (6 )<br>iv) खरगोश ने नदी में तैरना सीख लिया। ( 5 )<br>v) वे बहुत अच्छे दोस्त थे । ( 1 )<br>vi) मुझे पानी में जाना पसंद नहीं है। ( 3 ) | 3 |
| प्रश्न 3 | ( भाषा माधुरी 16 )<br>सही उत्तर पर सही ✓ का निशान लगाएँ :-<br>1.रोहित अपने माता-पिता के साथ कहाँ रहता था ?<br>क) मेरठ में ख ) चण्डीगढ़ में✓ ग ) मुम्बई में<br><br>2. गाय कहाँ आराम कर रही थी?<br>क ) पीपल के नीचे ✓ ख ) नीम के नीचे ग) बरगद के नीचे<br>3 लोमड़ी पर किसने हमला कर दिया था?<br>क) कोयलों ने✓ ख) शिकारियों ने ग) हिरनों ने<br><br>4 गाँधी जी के पास यह पत्थर कितने वर्षों से था?<br>क) पंद्रह वर्षों से ख) बीस वर्षों से ग) पच्चीस वर्षों से✓ | 2 |

| | | |
|---|---|---|
| प्रश्न 4 | एक शब्द में उत्तर दें :-<br>i).मित्रता पाठ मे शिकारियों ने क्या बिछा दिया?<br>उत्तर <u>जाल</u><br>ii) सुप्पंदी दादी के लिए क्या लाया था?<br>उत्तर <u>प्लास्टिक की चप्पलें</u> | 1 |
| प्रश्न 5 | उचित शब्दों से खाली स्थान भरो<br>i) रास्ते में नारियल और <u>सुपारी</u> के जंगल थे । (सुपारी / आम)<br>ii )अम्मा दीदी के साथ <u>राशन</u> लेने गई थी।( राशन/ कपड़े) | 1 |
| प्रश्न 6 | वाक्य के सामने सही या गलत का निशान लगाएँ :-<br>i) सलोनी कोयल की हीरक से मित्रता थी। ( ✓ )<br>ii)मनु पत्थर ढूंढने के लिए दर्ज़ी के घर गई । ( × ) | 1 |
| प्रश्न 7 | .दिए गए शब्दों से वाक्य बनाएँ :-<br>ii) रास्ता:- – यह रास्ता जंगल की ओर जाता है। | 1 |
| प्रश्न 8 | निम्न प्रश्नों के उत्तर दें :-<br>i ) गांधी जी खुरदरे पत्थर का उपयोग किसके लिए करते थे ?<br>उत्तर गांधी जी खुरदरे पत्थर का प्रयोग अपने पैर साफ करने के लिए करते थे।<br>ii ) सब रोहित को दादी का रेडियो क्यों कहते थे ?<br>उत्तर रोहित दादी को अपने स्कूल और मोहल्ले की बातें बताता था ,इसलिए सब उसे दादी का रेडियो कहते थे ।<br>iii) लोमड़ी ने हीरक को अपने साथ चलने के लिए क्यों कहा ?<br>उत्तर लोमड़ी ने हीरक को अपने साथ चलने के लिए इसलिए कहा क्योंकि वह उसे मार कर उसका मांस खाना चाहती थी। | 2*3=6 |
| प्रश्न 9 | दिए गए वाक्य को सही करके लिखें<br>नाव बच्चे बारिश चलाते हैं में की कागज़<br>उत्तर बच्चे बारिश में कागज की नाव चलाते हैं।  | 1 |
| प्रश्न 10 | पाठ मित्रता में यह वाक्य किसने किससे कहा?<br>“ मैं बूढ़ी हो गई हूँ । मेरे दांत मांस नहीं चबा सकते ।”<br>i) लोमड़ी ने हीरक से✓ ii) सलोनी ने हीरक से | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| प्रश्न 11 | गांधी जी के तीन बंदरों में से यह बंदर क्या शिक्षा देता है?<br><br>बुरा मत देखो | 1 |
| प्रश्न 12 | पाठ 'दादी का रेडियो' के आधार पर रोहित की कोई दो विशेषताएं छांटो ?<br>i ) भावुक✓ ii)होशियार✓ iii) क्रोधी<br>iv ) समझदार ✓ v) दयालु | 1 |
| प्रश्न13 | (भाषा अभ्यास-19 )<br>दिए गए शब्दों के लिंग बदलो :-<br>i) गाय _ बैल ii) मोर __मोरनी | 1 |
| प्रश्न14 | दिए गए शब्दों के.वचन बदलो :-<br>i) मोहल्ला – मोहल्ले ii) कहानी — कहानियाँ | 1 |
| प्रश्न15 | नीचे दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखें :-<br>i )सूखा — गीला ii)पुराना — नया | 1 |
| प्रश्न 16 | नीचे दिए गए अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए :-<br>i) जो कपड़े बुने। <u>जुलाहा</u><br>ii) जो सोने -चाँदी के गहने बनाए। सुनार | 2 |
| प्रश्न 17 | निम्न शब्दों का सही पर्यायवाची शब्द से मिलान करें :-<br>1.फूल सरोवर 4<br>2 पिता नेत्र 3<br>3 आँख पुष्प 1<br>4 तालाब जनक 2 | 2 |
| प्रश्न 18 | निम्न मुहावरे से वाक्य बनाएँ :-<br>जमीन पर पैर न पड़ना :-<br>वाक्य. कक्षा में प्रथम आने पर मेरे जमीन पर पैर न पड़े। | 1 |
| प्रश्न19 | दिए गए शब्दों के समान लय वाले शब्द लिखें :-<br>i) रात – बात ii) डाली — माली | 1 |

<table>
<tr><td>प्रश्न20</td><td>दिए गए शब्दों में शुद्ध ( सही ) शब्द पर घेरा लगाओ<br>i)मैदान ✓ ii) मेदान iii) मिदान<br>ii)परकाश ii)प्रकाश ✓ iii)प्रकास</td><td>1</td></tr>
<tr><td>प्रश्न21</td><td>आपके द्वारा पढ़े गए दैनिक शब्दों को उचित अर्थ से मिलान करें<br>प्रतिदिन: हररोज<br>भगवान नूतन 2<br>नया अतिथि 4<br>उत्सव परमात्मा 1<br>मेहमान त्योहार 3</td><td>2</td></tr>
<tr><td>प्रश्न22</td><td>नीचे दी गई शब्द लड़ी को आगे बढ़ाइए ।<br>राम कमरा □□□ --------------------</td><td>1</td></tr>
<tr><td>प्रश्न23</td><td>दिए गए शब्दों में छिपे अन्य शब्द निकालकर लिखें :-<br>i) पावन ---------------- ii) बा ----------------<br>वन रात</td><td>1</td></tr>
<tr><td>प्रश्न24</td><td>दी गई वर्गपहेली में से जोड़ी में पहनी जाने वाली चीजें छांटकर लिखो।<br><table>
<tr><td>जू</td><td>री</td><td>पा</td><td>कं</td><td>श</td></tr>
<tr><td>ते</td><td>दे</td><td>य</td><td>ग</td><td>ब</td></tr>
<tr><td>च</td><td>प्प</td><td>ल</td><td>न</td><td>बा</td></tr>
<tr><td>नी</td><td>जा</td><td>द</td><td>स्ता</td><td>ने</td></tr>
<tr><td>जु</td><td>रा</td><td>बें</td><td>कि</td><td>याँ</td></tr>
</table><br>चप्पलें दस्ताने<br>जुराबें जूते</td><td>2</td></tr>
</table>

| | | |
|---|---|---|
| प्रश्न25 | दिए गए वाक्यों में से संज्ञा शब्द छांटो :-<br>i) माँ हलवा बना रही है।<br>ii) मेज़ पर फूल रखे थे। | 1 |
| प्रश्न26 | दिए गए वाक्यों में सर्वनाम शब्द को रेखांकित करें :-<br>i) उसकी साइकिल बहुत तेज़ चलती है ।<br>ii) मेरा भाई मुझे परेशान करता है। | 1 |
| प्रश्न27 | निम्न वाक्यों में से क्रिया शब्दों को रेखांकित कीजिये :-<br>i) आज बहुत तेज हवा चल रही है।<br>. ii) सपना ने गिलास तोड़ दिया । | 1 |

| प्रश्न28 | (लेख –लेखन)<br>हमारे  माता पिता हमारे लिए सब कुछ करते है । हमें भी उनकी मदद करनी चाहिए। आप अपने माता पिता की किन-किन कामों में और कैसे मदद करते हैं ? यह बताते हुए कुछ पंक्तियां लिखें।<br><br>..........................................................................................................<br><br>............................................................................................................<br><br>.............................................................................................................<br>.............................................................................................................<br><br>............................................................................................................<br><br>.............................................................................................................<br><br>.............................................................................................................<br><br>.............................................................................................................<br><br>.............................................................................................................<br><br>.............................................................................................................<br><br>.............................................................................................................<br><br>............................................................................................................. | 5 |
|---|---|---|

| | | |
|---|---|---|
| | श्रुतलेख<br>1 संतान 2प्रकाश<br>3 कीचड़ 4 चेतावनी<br>5 लापरवाही 6 प्रसन्न<br>7 हिम्मत 8जिम्मेदार<br>9 शिकारी 10 कोशिश<br>11 अनमोल 12 स्वागत<br>13 तरकीब 14 कहानियां<br>वाक्य<br>1 दादी अपना दुख किसी को नहीं बताते थी।<br>2 लोमड़ी ने उन्हे जल बिछाते हुए देख लिया।<br>3 मनु की खुशी का ठिकाना ना रहा। | 10 |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |

| | | |
|---|---|---|
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |